भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 978
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 26 जुलाई, 2018 को दिया जाना है

**बिजली से चलने वाले वाहनों का कम उत्पादन**

**978. श्री ए विजयकुमार:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में बिजली से चलने वाले वाहनों के लिए सब्सिडी समाप्त कर दी गई है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या कम उत्पादन के कारण सरकारी विभाग द्वारा बड़ी संख्या में बिजली से चलने वाले वाहनों का प्रयोग नहीं किया गया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(**क**)**:** जी नहीं।

(**ख**)**:** उपर्युक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

**(ग) और (घ):** जी नहीं। एनर्जी इफिशन्सी सर्विसिस लिमिटेड (ईईएसएल), विद्युत मंत्रालय के पीएसयूज का एक संयुक्त उद्यम उनके द्वारा ठेके पर लिए गए विद्यमान पेट्रोल और डीजल वाहनों को प्रतिस्थापित करने के लिए ठेका/तुरंत खरीद के आधार पर सरकारी संस्थाओं को इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध करा रहा है। आज की तिथि के अनुसार ईईएसएल ने समूचे दिल्ली एनसीआर के अनेक सरकारी संगठनों को 150 ई-कारों का सफलता पूर्वक वितरण किया है। ईईएसएल द्वारा वितरित की गई सभी ई-कारें प्रचालन में हैं और सरकारी संगठनों द्वारा उपयोग की जा रही हैं।

********